प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 अगस्त 2025

## वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 3,079 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। इनमें अनुक्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) और वार्षिक (वर्ष-दर-वर्ष) परिवर्तनों के अध्ययन को सक्षम बनाने के लिए 2024-25 की चौथी तिमाही और 2024-25 की पहली तिमाही के तुलनीय आंकड़े भी शामिल हैं। इन डेटा को वेब-लिंक https://data.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Listed%20Non-Government%20Non-Financial%20Companies पर देखा जा सकता है।

### मुख्य बातें

**बिक्री**

- सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री में 5.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जो कि पिछली तिमाही में 7.1 प्रतिशत (2024-25 की पहली तिमाही में 6.9 प्रतिशत) की तुलना में कम है (तालिका 1ए)।

- 1,736 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की कुल बिक्री वृद्धि (वर्ष-प्रति-वर्ष) 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान पिछली तिमाही के 6.6 प्रतिशत की तुलना में कम होकर 5.3 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से पेट्रोलियम उद्योग के कमजोर प्रदर्शन के कारण हुआ (तालिका 2ए और 5ए, चार्ट 1)।



**Chart 1: Nominal Sales Growth**

***स्रोत:*** *कैपिटलाइन डेटाबेस और आरबीआई स्टाफ की गणना।*

- आईटी फर्मों की बिक्री वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान पिछली तिमाही के 8.6 प्रतिशत से घटकर 6.0 प्रतिशत रही, जो 2024-25 की पहली तिमाही के बाद से देखी गई ऊर्ध्वगामी प्रवृत्ति को रिवर्स करती है।

- गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री वृद्धि 2025-26 की पहली तिमाही में घटकर 7.5 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछली तीन तिमाहियों में इसमें दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई थी। इसका मुख्य कारण परिवहन और भंडारण कंपनियों द्वारा दर्ज की गई कम बिक्री वृद्धि है।

**व्यय**

- बिक्री वृद्धि में नरमी के कारण निर्माण कंपनियों के कच्चे माल पर व्यय में पिछली तिमाही के 8.3 प्रतिशत की तुलना में 4.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की धीमी दर से वृद्धि हुई; परिणामस्वरूप, बिक्री की तुलना में कच्चे माल का अनुपात पिछली तिमाही के 55.2 प्रतिशत से घटकर पहली तिमाही में 54.1 प्रतिशत रह गया (तालिका 2ए और 2बी)।
- 2025-26 की पहली तिमाही में विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों की कर्मचारी लागत में क्रमशः 8.3 प्रतिशत, 5.8 प्रतिशत और 8.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछली तिमाही में दर्ज की गई वृद्धि से कम थी। पिछली तिमाही की तुलना में 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए बिक्री की तुलना में कर्मचारी लागत अनुपात में क्रमशः 5.9 प्रतिशत, 48.8 प्रतिशत और 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**कीमत निर्धारण क्षमता**

- विनिर्माण और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के परिचालन लाभ में क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 11.3 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि आईटी कंपनियों के लिए यह पिछली तिमाही की तुलना में पहली तिमाही में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गया (तालिका 2ए)।
- परिणामस्वरूप, 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान आईटी कंपनियों के परिचालन लाभ मार्जिन में क्रमिक सुधार हुआ, जबकि गैर-आईटी सेवा क्षेत्र के लिए यह कम रहा; विनिर्माण क्षेत्र के लिए पहली तिमाही के दौरान परिचालन लाभ मार्जिन स्थिर बना रहा (तालिका 2बी और चार्ट 2)।

**Chart 2: Operating Profit Margin**
*(Per cent)*




***स्रोत:*** *कैपिटलाइन डेटाबेस और आरबीआई स्टाफ की गणना।*

**ब्याज व्यय**

- लाभों में क्रमिक वृद्धि के साथ, विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर)[1] 2025-26 की पहली तिमाही में पिछली तिमाही के 8.7 से बढ़कर 9.1 हो गया। सेवा क्षेत्र के भीतर, गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर स्थिर बना रहा, जबकि 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान आईटी फर्मों का आईसीआर उच्च स्तर पर बना रहा (तालिका 2बी)।

**तालिकाओं की सूची**

| **तालिका सं.** | | **शीर्षक** | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 3 | ए | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 4 | ए | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |

**नोट:**

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-26/969**

[1] आईसीआर (अर्थात, ब्याज और कर से पहले की आय और ब्याज व्यय का अनुपात) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता का एक माप है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मान 1 है।